कनेक्टिविटी बढ़ेगी तो ही विकास होगा : पाण्डेय

जनधारा समाचार

भिलाई । भिलाई शहर की बड़ी सौगातों में से एक केनाल रोड का भूमिपूजन आज केबिनेट मंत्री व भिलाई विधायक प्रेमप्रकाश पाण्डेय द्वारा किया गया। प्रथम चरण में 28 करोड़ 86 लाख रूपए की लागत से यह सड़क डबरापारा से लेकर नंदिनी रोड तक बनाई जाएगी। स्वच्छता अभियान में क्षेत्र के भ्रमण के दौरान लोगों द्वारा नहर से होने वाली समस्याओं से निजात दिलाने मंत्री श्री पाण्डेय द्वारा यह योजना बनाई गई थी। इस सड़क के बन जाने से छोटे वाहन चालकों को ट्रैफिक दबाव की समस्या से निजात मिलेगी और दुर्घटनाओं की संख्या में भी कमी आएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम भिलाई के महापौर श्री देवेंद्र यादव व विशिष्ट अतिथि के रूप में सभापति श्यामसुंदर राव व पार्षद उपस्थित थे।

28 करोड़ 86 लाख रूपए की लागत से डबरापारा नहर के उपर बनेगी सड़क

भूमिपूजन के अवसर पर आमजनों को संबोधित करते हुए केबिनेट मंत्री श्री पाण्डेय ने कहा कि रायपुर स्थित अपने आवास का जिक्र करते हुए बताया कि उनके आवास के चारों ओर बनी सड़क भी केनाल रोड ही है। ये सड़क आज लोगों की जरूरत है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि अमेरिका जैसे देश भी इसलिए विकसित कहलाता है क्योंकि वहां रोड कनेक्टिविटी बेहतर हैं। हमारा भी प्रयास यही है कि गलियों में रोड का विकास हर स्तर पर किया जा सके। श्री पाण्डेय ने पुराने दिनों का जिक्र करते हुए बताया कि 90 के दशक में खुर्सीपार क्षेत्र में चलने योग्य रास्ते नहीं हुआ करते थे। जिसके बाद हमने यहां पहले फर्शीकरण और फिर बाद में डामरीकरण कराया। उन्होंने कहा कि बढ़ती जरूरतों और संसाधनों के अनुरूप ही हमें विकास कार्य करने होंगे और इनका लाभ हर प्रकार से आमजनों को ही मिलेगा। उन्होंने साफ किया कि जिस योजना से लाखों लोगों के फायदे के सामने यदि चंद लोगों को नुकसान होता है तो सरकार लाखों लोगों के फायदे को ही प्राथमिकता देगी।बड़े कार्य के लिए छोटी क्षति सहना पड़ता है। साथ ही सरकार यह भी प्रयास करेगी कि जिनका नुकसान हो रहा है उन्हें भी भरपूर सहयोग दिया जा सके। श्री पाण्डेय ने स्पष्ट किया कि वैध 140 परिवारों को नये घर में स्थापित किया जा रहा है। जिनमें से 70 परिवारों ने 5 हजार रूपए की प्रथम किश्त भी जमा कर दी है। साथ ही उन्होंने साफ तौर पर ये भी कहा कि जिन लोगों ने यह नहीं किया वे भी जल्द से जल्द पैसा जमा कर दें। जो पहले जमा करेगा वो पहले पाएगा। कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार की शंका न पाले। निगम महापौर देवेंद्र यादव ने कहा कि आज का ये दिन भिलाई के बहुत ही बड़ा दिन है। इस रोड के बन जाने से सीधे तौर पर बड़ी पैमाने पर लोगों को फायदा ही होगा। उन्होंने कहा कि ये सच है कि इस रोड के निर्माण से कई लोग प्रभावित होंगे। मैं उन सब लोगों को यह विश्वास दिलाना चाहता हूं कि यह नुकसान आपका अकेले का नहीं, बल्कि पूरे भिलाई का नुकसान है। इसके लिए हम सब मिलकर काम करेंगे और भिलाई को आगे बढ़ायेंगे। उन्होंने लोगों को यह आश्वस्त किया कि लोगों के लिए हर स्तर पर खड़े होकर हर स्तर पर बात कर उनको लाभ पहुंचायेंगे।

स्वच्छता अभियान में लोगों से बात करके ही बनाई ये योजना : श्री पाण्डेय ने बताया कि जब वे स्वच्छता अभियान के दौरान वार्ड भ्रमण करते थे तो अक्सर लोग उनसे नहर की गंदगी और बदबू की शिकायत किया करते थे। उन्होंने बताया कि इस गंदगी का निराकरण तो किया जा सकता है लेकिन वह स्थायी नहीं होगा। साल में एक बार सफाई भी हो सकती है लेकिन समस्या का निराकरण नहीं हो पाएगा। इसको मद्देनजर रखते ही हमने यह योजना बनाई। इससे एक साथ अनेकों फायदे होंगे।

केनाल रोड बनने से बड़ी संख्या में लोगों को होगा फायदा

निगम महापौर देवेंद्र यादव ने केनाल रोड के भूमिपूजन के अवसर पर कहा कि केनाल रोड के बन जाने से लोगों को बड़े स्तर पर फायदा ही होगा। मंत्रीजी के प्रयासों से मिली इस राशि से भिलाई में भी केनाल रोड का निर्माण होने जा रहा है। नगर निगम द्वारा सबको साथ लेकर विकास किया जाएगा। निश्चित ही यह केनाल रोड भिलाई के लिए लाईफलाइन साबित होगी। श्री यादव ने कहा कि जब वे छात्रनेता हुआ करते थे तो उनका रायपुर आना- जाना लगा रहता था। तब उन्हें पंडरी जाने के लिए लंबा रास्ता तय करना पड़ता था। वहीं एक तरफ नाले के उपर निर्माण कार्य चलता रहता था। पहली बार में तो यह कार्य समझ नहीं आता था लेकिन जैसे- जैसे निर्माण कार्य पूरा होता था, वह सड़क बहुत ही सुंदर और वहां से आवागमन करना सुगम होता चला गया। यहां पर भी सड़क निर्माण हो जाने से लोगों को फायदा ही होगा। यह दिन भिलाई के साथ-साथ खुर्सीपार क्षेत्र के लिए भी बड़ा दिन है।

ग्राम अर्जुंदा में ग्रामीण लोकोत्सव का आयोजन

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग एवं लोकरंग, अर्जुंदा के संयुक्त तत्वावधान में 20 जनवरी को रात्रि 8.30 बजे दाऊपारा मंच, ग्राम अर्जुंदा में ग्रामीण लोकोत्सव का रंगारंग आयोजन किया जा रहा है। संयंत्र के कार्यपालक निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) एम के बर्मन इस ग्रामीण लोकोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाप्रबंधक अनुराग नगर करेंगे। कार्यक्रम में संयंत्र के उप महाप्रबंधक प्रभारी (नगर सेवाएँ) ए के पति विशिष्ट अतिथि होंगे। अंचल के सुप्रसिद्ध कलाकार, लोकरंग के निदेशक एवं संचालक दीपक चंद्राकर के कुशल निर्देशन में लहर गंगा की आकर्षक प्रस्तुति पुरानिक साहू एवं साथियों द्वारा प्रस्तुत की जायेगी। इस लोकोत्सव के अवसर पर लोकरंग, अर्जुंदा द्वारा अंचल के लोककला के लिये समर्पित कलाकारों रजनी रजक, घेवर यादव, देवेंद्र रामटेके, नेहा मानिकपुरी और सतीश साहू को दाऊ उजियार सिंह चंद्राकर संस्कृति सम्मान से सम्मानित किया जायेगा।

हिर्री डोलोमाईट खदान में छत्तीसगढ़ लोक कला महोत्सव संपन्न

जनधारा समाचार

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के हिर्री डोलोमाईट खदान में, हाल ही में महाप्रबंधक प्रभारी (खदान एवं रावघाट) श्री डी भार्गव के मुख्य आतिथ्य एवं महाप्रबंधक (सीएसआर, कार्मिक-खदान एवं रावघाट) अनुराग नागर की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ लोक कला महोत्सव-2018 सम्पन्न हुआ। यह कार्यक्रम बीएसपी के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग एवं हिर्री खदान के संयुक्त तत्वावधान में दशहरा मैदान हिर्री में आयोजित किया गया।

इस छत्तीसगढ़ी लोक कला महोत्सव में अंचल के राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त कलाकारों तथा दूरदर्शन आकाशवाणी, छत्तीसगढ़ी फिल्मों/एलबमों के प्रसिद्ध कलाकारों के साथ ही अंचल के स्थानीय कलाकारों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में बीएसपी स्कूल के विद्यार्थियों ने आर के चौबे के नेतृत्व में शानदार नृत्य प्रस्तुत किया। तदुपरांत अन्तर्राष्ट्रीय कलाकार अनिल गढ़ेवाल एवं साथी द्वारा गेड़ी नृत्य; रेखा देवार (राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त कलाकार) द्वारा देवार लोकगीत व भरथरी नृत्य; जय जोहार लोक मंच (लोकनायक हिलेंद्र ठाकुर) द्वारा लोकगीत नृत्य, करमा, भोजली गीत; माया पंडवानी दल (डॉ तीजन बाई के शिष्य दिनेश गुप्ता) द्वारा रोचक महाभारत कथा; श्री पप्पू चंद्राकर एवं साथी बालोद द्वारा असकट के दवाई गोठ आनी-बानी, श्रीमती रजनी रजक, संतोष, दूजे निषाद राजनांदगाँव द्वारा हास्य प्रहसन गम्मत तथा श्री कृष्णा राउत नाचा दल द्वारा राउत नाचा की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में महाप्रबंधक (रावघाट) ए के मिश्रा, उप महाप्रबंधक (कार्मिक-खदान) एस के साहू, उप महाप्रबंधक (फ्लक्स नंदिनी एवं हिर्री) टी जी उल्लास कुमार एवं उप महाप्रबंधक सह-खदान प्रबंधक (हिर्री खदान) संजय बोरतवार विशेष रूप से उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रबंधक (सिविल एवं सीएसआर-हिर्री खदान) श्री छत्रधारी, सहायक प्रबंधक (कार्मिक-हिर्री खदान) श्री जी डब्ल्यू मार्बल एवं हिर्री खदान के सदस्यों ने उल्लेखनीय भूमिका निभाई। आसपास के क्षेत्रों के नागरिकगणों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर इस मनमोहक कार्यक्रम का आनंद लिया। कार्यक्रम का संचालन बीएसपी के सीएसआर विभाग में कार्यरत् श्रीमती रजनी रजक ने किया। धन्यवाद ज्ञापन के साथ इस रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का समापन हुआ।

एफडब्ल्यूडी : केंद्रीय रेल मंत्री को पत्र लिखकर पत्र रेल समस्याओं के समाधान की मांग की

जनधारा समाचार

भिलाई। दुर्ग लोकसभा के सांसद ताम्रध्वज साहू के निवास पर आंध्र उत्कल संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर सांसद जी से रेल समस्याओं के समाधान में एक ज्ञापन दिया। संघर्ष समिति के अध्यक्ष के उमाशंकर राव ने बताया कि छत्तीसगढ़ में आंध्र उत्कल समाज के लाखों लोग निवास करते हैं अपने पैतृक गांव तक आने जाने के लिए सीधी रेल सुविधा का अभाव के अभाव के कारण कई दिक्कतें होती हैं।

दुर्ग से पलासा व बरहमपुर तक मात्र 722 किलोमीटर की दूरी है इस दूरी को तय करने में दो ट्रेनों का बदलाव किया जाता है ऐसी परिस्थिति में ब'चों और बुजुर्गों के साथ यात्रा करना बेहद ही कठिन होता है इस मांग को विगत लंबे समय से आंध्र उत्कल संघर्ष समिति कर रही है। सांसद ताम्रध्वज साहू ने रेल मंत्रालय को तत्काल पत्र लिखकर शीघ्र समाधान हेतु केंद्रीय रेल मंत्री को पत्र लिखकर जनता की मांग को समर्थन किया।पूर्व में भी लिखे गए पत्र का केंद्रीय रेल मंत्री ने उक्त मांग पर परीक्षण करवाने की बात कही है जिसके प्रतिलिपि आंदोलन संघर्ष समिति को दी गई। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रुप से अध्यक्ष के उमाशंकर राव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अप्पा राव, उपाध्यक्ष के अप्पलस्वामी, महासचिव डिलेश्वर राव, सलाहकार एस गुरुमूर्ति, पी नरसिंहलू, बी एस मूर्ति, कोषाध्यक्ष ए करुणाकर, वी वायकुंठ राव, संजय नायडू , लखपति सोना, के पापा राव व दुर्योधन राव ने सांसद से चर्चा की।

साफ सुथरा होटलों का किया गया चयन

जनधारा समाचार

भिलाई। नगर निगम भिलाई द्वारा अपने क्षेत्र में सबसे स्वच्छ होटल स्कूल बाजार अस्पताल शौचालय आदि का रैंकिंग किया गया चयनित संस्थाओं को पुरस्कृत किया गया स्वच्छ साफ सुथरा होटल में अमित पार्क दूसरे नंबर पर ढिल्लों लन इंटरनेशनल स्वच्छ अस्पताल चंदूलाल मेमोरियल अस्पताल द्वितीय पुरस्कार स्पर्श मल्टी फैसिलिटी स्वच्छ शौचालय वार्ड 3 सुविधा 24 घंटे कोसा नगर वार्ड 35 में बाबा बालक नाथ दीपनगर का चयन किया गया चयनित संस्थाओं को महापौर देवेंद्र यादव द्वारा पुरस्कृत किया गया यह सब संस्थाओं में जाकर के विशेष पैमाने के तहत उनका निरीक्षण किया गया निरीक्षण के बाद उन्हें रैंकिंग प्रदान किया गया कई बार संस्था मैं द्वारा गोपनीय ढंग से जाकर के संबंधित होटल संबंधित अस्पताल संबंधित शौचालय में जाकर के उनका चयन किया गया उनको पुरस्कृत किया गया होटलों में अमित पार्क सभी मापदंडों पर खरा उतरा चंदूलाल मेमोरियल अस्पताल भी अपने रखरखाव के हिसाब से खरा उतरा नगर निगम भिलाई द्वारा संबंधित संस्थाओं को पुरस्कृत करते हुए उन्हें भविष्य में स्वच्छता बनाए रखने का निर्देश दिया गया इसमें नगर निगम भिलाई के चयनित ब्रांड एंबेसडर जोन के जोन अध्यक्ष जोन आयुक्त संबंधित वार्ड के पार्षद आदि लोग इसके सदस्य थे सब लोगों ने मिलकर के स्वर सम्मति से संबंधित संस्थाओं का चयन किया!

सुलभ शौचालय भवन का किया उद्घाटन

जनधारा समाचार

भिलाई। वार्ड क्रमांक 11 अंबेडकरनगर इंटरनेशनल सुलभ शौचालय भवन का उद्घाटन वार्ड के पार्षद एवं जिला उपाध्यक्ष संजय खन्ना के द्वारा किया पार्षद संजय खन्ना ने बताया कि वार्ड 11 में घर-घर 118 लोगों को सुलभ शौचालय सरकार की योजना के अंतर्गत बनवा कर दिया गया है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना घर घर सुलभ शौचालय के बनने से प्रधानमंत्री का स्वच्छता अभियान का एक प्रारूप है हम सभी का यह दायित्व है कि इस सुलभ शौचालय को हमेशा साफ स्वच्छ रखें इस अवसर पर मुख्य रुप से अजय जैन गोकुलेश तिवारी अपल नायडू जी विजय शुक्ला डॉ अनिल सोनी राजू पांडे छोटेलाल पारधी नगर निगम के उप अभियंता नवीन वर्मा जी मालादेवी ठाकुर परमजीत कौर उषा मानिकपुरी ममता गजभिए सहित प्रमुख नागरिकगण उपस्थित थे ।

स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के ई-हैंडशेक प्लेटफार्म के उपयोग से

टाउनशिप बिलों का ऑनलाइन भुगतान प्रारंभ

जनधारा समाचार

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र एवं स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के मध्य दिनाँक 17 जनवरी, 2018 को ई-हैंडशेक सर्विसेस हेतु एमओयू हस्ताक्षरित हुआ।

इस एमओयू का उद्देश्य सभी प्रकार के भुगतानों जिसमें यूनिफॉइड पेमेंट इन्टरफेस (यूपीआई) शामिल है के प्रति उपभोक्ताओं को सक्षम बनाना है। इस हेतु संयंत्र के सी एंड आईटी विभाग द्वारा एक नये मॉड्यूल का विकास किया गया जिसका इस्तेमाल उपभोक्ताओं द्वारा टाउनशिप बिलों के ऑनलाइन भुगतान के लिए किया जा सकेगा। इस मॉडयूल द्वारा नगर सेवाएँ के उपभोक्तागण अपने निवास स्थानों से एक बटन के क्लिक से अपने बिलों का ऑनलाइन भुगतान सुविधापूर्वक कर सकेंगे। बीएसपी द्वारा की गई यह व्यवस्था बिजली, पानी, सम्पत्ति कर, भू-किराया और सेवाओं के शुल्क से संबंधित बिलों के भुगतान में अत्यंत ही उपयोगी होगी। स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के ई-हैंडशेक प्लेटफार्म का डिजाइन इन्टरफेसिंग के साथ एक सामान्य और मॉड्यूलर तरीके से किया गया है। इसके अतिरिक्त ई-प्रोक्योरमेंट के लिए ईएमडी भुगतानों, स्थानीय विक्रय के माध्यम से बीएसपी के उत्पादों को खरीदने वाले ग्राहकों द्वारा भुगतानों और अन्य विविध भुगतानों की प्राप्ति के लिए बीएसपी द्वारा इस साफ्टवेयर को विस्तारित किया जा सकता है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के सीईओ एम रवि एवं स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के चीफ जनरल मैनेजर के टी अजीथ द्वारा संयंत्र के कार्यपालक निदेशकों व बीएसपी के वरिष्ठ अधिकारियों एवं एसबीआई के गणमान्यों की उपस्थिति में एमओयू का आदान-प्रदान किया गया। इस अवसर पर बीएसपी के सीईओ एम रवि ने अपने सम्बोधन में कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र सात मिलियन टन स्टील प्लांट का विस्तार कर रहा है जिसके परिणाम स्वरूप कुल कारोबार में 40 प्रतिशत तक की वृद्धि हो जायेगी। उन्होंने कहा कि मौजूदा साइट का एकीकरण करने से सभी डिजिटल ट्रॉंजेक्शंस को प्राप्त किया जा सकेगा तथा हमारे ग्राहकों को सभी बैंक में क्रेडिट और डेबिट कार्ड के साथ भुगतान करने की सुविधा भी मिल सकेगी।

इस दौरान स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के चीफ जनरल मैनेजर श्री अजीथ ने अपने सम्बोधन में एसबीआई और बीएसपी के बीच और अधिक सहयोग की बात का उल्लेख किया। उन्होंने एसबीआई के उत्पादों जैसे ई-टेंडरिंग का भी उल्लेख किया जो बीएसपी की आवश्यकताओं के अनुकूल हैं। कार्यक्रम के प्रारंभ में संयंत्र के उप महाप्रबंधक (वित्त) श्री राजेश नायर ने उपस्थित गणमान्यों का स्वागत करते हुए दोनों सार्वजनिक उपक्रमों के बीच हुए ई-हैंडशेक समझौते के बारे में प्रकाश डाला।

सिंटर प्लांट- 2 में सुरक्षा प्रोत्साहन सप्ताह का आयोजन

जनधारा समाचार

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटर प्लांट - 2 में 17 से 23 जनवरी, 2018 तक सुरक्षा प्रोत्साहन सप्ताह का आयोजन किया गया है। 17 जनवरी को महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएँ) टी पांडियाराजा ने बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होकर सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने सारगर्भित उद्बोधन में शून्य दुर्घटना के लक्ष्य प्राप्ति हेतु सतत् प्रयास करने का आव्हान किया। मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ आरंभ इस कार्यक्रम में विभाग प्रमुख व उप महाप्रबंधक (एसपी-2) चंदन पाल द्वारा स्वागत सम्बोधन दिया गया। इस दौरान उप महाप्रबंधक एवं विभागीय सुरक्षा अधिकारी बी आर पलाई ने सुरक्षा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। तत्पश्चात् विभागीय कर्मचारियों द्वारा सुरक्षा पर आधारित लघु नाटिका ओवर कांफ्रिडेंस का मंचन किया गया जिसे सभी उपस्थितों ने भरपूर सराहा। यह कार्यक्रम विभाग प्रमुख व उप महाप्रबंधक (एसपी-2)चंदन पाल के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम का संचालन सीनियर ऑपरेटिव्ह बी एल सोनी द्वारा किया गया।

शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने 30 जनवरी को बैंकों में लगेंगे विशेष शिविर

जनधारा समाचार

दुर्ग। शासन की विभिन्न महत्वकांक्षी योजनाओं से आम जनता को लाभान्वित कराने के लिए 30 जनवरी को जिले के समस्त बैंकों में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लंबित प्रकरणों की स्वीकृति, योजना अंतर्गत हितग्राहियों को प्रकरणों की स्वीकृत एवं लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। कलेक्टर उमेश कुमार अग्रवाल ने इस संबंध में लीड बैंक देना एवं जिले के बैंकरों की बैठक लेकर अधिक से अधिक लोगों को शिविर का लाभ दिलाने और शासन की योजनाओं से लाभान्वित कराने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने आम जनता को लाभ दिलाने और प्रकरणों के शत-प्रतिशत निराकरण के दिए निर्देश

जिले के समस्त बैंकों की शाखाओं में विशेष केम्प का आयोजन किया जाएगा। जिसमें शासकीय योजनाओं के अंतर्गत लंबित प्रकरणों के निराकरण, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही की जाएगी। शिविर में ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, अंत्योदय स्वरोजगार योजना एवं आदिवासी स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना एवं अन्य शासकीय योजना के अंतर्गत लंबित प्रकरणों का शत-प्रतिशत् निराकरण कर हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। कलेक्टर ने इस संबंध में बैंकों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए 30 जनवरी तक हर हाल में शत-प्रतिशत् प्रकरणों का निराकरण कर लेने कहा है। समस्त शासकीय विभाग, बैंकों में लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु बैंकों से संपर्क करेंगे और कमियों को दूर कर हितग्राहियों को लाभान्वित करेंगे। बैंकों में लंबित समस्त प्रकरणों का छान-बीन कर कमियों को दूर कर संबंधित विभाग के अधिकारी, हितग्राही व आवेदक को सूचित करेंगे। विभागवार बैंकों में लंबित प्रकरणों की सूची तैयार कर बैंकों से समन्वय स्थापित कर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को सूचित करने के साथ ही निराकरण की दिशा में जरूरी कार्यवाही करेंगे।

शहर एसपी शशिमोहन सिंह की तीनों फिल्मों का चयन

जनधार समाचार

भिलाई। लीगल अवेयरनेस पर लघु फिल्मों के राष्ट्रीय उत्सव हेतु शहर एसपी शशिमोहन सिंह की तीनों लघु फिल्मों का चयन कर लिया गया है। इन फिल्मों का चयन 400 फिल्मों में से किया गया। इन फिल्मों का उद्देश्य लोगों को विभिन्न अपराधों में उपलब्ध कानूनी उपचारों के प्रति जागरूक करना है। शशिमोहन सिंह एक मंजे हुए थिएटर आर्टिस्ट हैं और अपनी सशक्त पुरकशिश अदाकारी के लिए जाने जाते हैं। वे छत्तीसगढ़ी फिल्मोद्योग के भी एक सफल हस्ताक्षर हैं। राष्ट्रीय स्तर के इस फिल्मोत्सव के लिए उन्होंने आशा यातना और तलाश नामक तीन फिल्में भेजी थीं। तीनों ही फिल्मों का चयन अंतिम 30 की सूची में किया गया है। फिल्मोत्सव का पुरस्कार वितरण समारोह रविवार 21 जनवरी को रायपुर के पंण् दीनदयाल उपाध्याय प्रेक्षागृह में किया जाएगा। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस टीबी राधाकृष्णन एवं जस्टिस प्रीतिंकर दिवाकर इस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे।

फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड में 33 वीं अखिल भारतीय हिंदी निबंध लेखन

जनधारा समाचार

भिलाई। फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड, निगमन कार्यालय, भिलाई के स्वर्ण जयंती सभागार में केन्द्रीय सचिवालय हिंदी परिषद, नई दिल्ली द्वारा आयोजित केवल हिंदीत्तर भाषी कर्मचारियों के लिए ''33वीं अखिल भारतीय हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता'' पंकज त्यागी, सहायक महाप्रबंधक(कार्मिक एवं प्रषासन), भूनेष्वर नायक, षाखा मंत्री, केन्द्रीय सचिवालय हिंदी परिषद, षाखा-भिलाई-दुर्ग एवं छगन लाल नागवंषी, राजभाषा अधिकारी की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुई । पंकज त्यागी, सहायक महाप्रबंधक(कार्मिक एवं प्रषासन) ने कहा कि-सभी कार्मिकों को हिंदी का पर्याप्त ज्ञान है। इस तरह की प्रतियोगिताएं राजभाषा प्रयोग के प्रति अनूकूल वातावरण तैयार करने एवं हिंदी में काम करने में आने वाली झिझक को दूर करने के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुई है। संस्थान के राजभाषा अधिकारी छगन लाल नागवंषी ने कहा कि-भाषा अभिव्यक्ति का माध्यम है। अपने विचार दूसरों के विचार स्पष्टतया समझना भी भाषा का प्रयोजन है। इस माध्यक का दायरा जितना व्यापक है ठीक उतना ही मानव समाज में एकता होगी। इस अवसर पर डी.चन्द्रषेखर, उप-प्रबंधक (ईपीएस), के.गिरीष कुमार, प्रबंधक(सामग्री प्रबंधन), अमित सेनगुप्ता, कनिष्ठ प्रबंधक(वित्त व लेखा), मलय कुमार सिंह, सतर्कता अधिकारी, सुश्री षिल्पी दास, कॉस्ट टेऊनी, टी.सत्यनारायण, कम्प्यूटर प्रचालक ने अपने-अपने विचार रखे। फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड, निगमन कार्यालय, भिलाई द्वारा ''33 वी अखिल भारतीय हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता'' में निगमन कार्यालय, भिलाई के सभी हिंदीत्तर भाषा-भाषी वर्ग के कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

बसंत कुमार बरहरे, मनीष कुमार ठाकुर, मनोज कुमार ध्रुव, डीगम्बर चंदेल का विषेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन संस्थान के राजभाषा अधिकारी छगन लाल नागवंशी ने किया।